

# राष्ट्रपति आज कूनो आएंगी, सख्त सुरक्षा प्रबंध

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 जून।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 21 जून को श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क पहुंचेगी, 21 जून को अपराह्न 03 बजे कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपेड पर उनका आगमन होगा। राष्ट्रपति जी के कूनो आगमन पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से नामित किए गए मिनिस्टर इन वेटिंग नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी।

### राष्ट्रपति के आगमन के दृष्टिगत कानून एवं व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित



कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के जिले में 2 दिवसीय भ्रमण के दृष्टिगत कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान डीएफओ सामान्य केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिए कि राष्ट्रपति जी के कूनो नेशनल उद्यान आगमन पर विभिन्न स्थानों के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जिनमें टिकटोली गेट, अगरा गेट, पीपल बावड़ी गेट, हेलीपैड सहित कूनो नेशनल पार्क स्थित रेस्टहाउस शामिल है। इस सभी स्थानों पर विभिन व्यवस्थाओं में तैनात अधिकृत अधिकारियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा 15 स्थानों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी 21 जून को अपराह्न 3 बजे के लगभग कुनो नेशनल पार्क पहुंचेगी तथा 22 जून को प्रात: 10 ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगी।

## गुना विधायक पन्नालाल शाक्य के तीखे तेवर

**गुना।** गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उनके तेवर काफी तल्ख नजर आ रहे हैं। वीडियो में विधायक शाक्य साफ तौर पर संकेत दे रहे हैं कि राजनीति में उन्हें रोकने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वे रुकने वाले नहीं हैं। शाक्य ने अपनी तुलना प्रकृति के तत्वों से करते हुए कहा, हवा और पानी को कोई नहीं रोक पाता है, मुझे भी कोई नहीं रोक पाएगा। वायरल वीडियो में विधायक पन्नालाल शाक्य ने खुलकर अपनी ही पार्टी के भीतर चल रही खींचतान की ओर इशारा किया।

# रतोदन की बस्ती में गहराया पेयजल व बिजली संकट



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून।** श्योपुर क्षेत्र के ग्राम रतोदन की आदिवासी बस्ती में इन दिनों पेयजल (पीने के पानी) और विद्युत (बिजली) की भारी किल्लत बनी हुई है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को लेकर आज जिम्मेदार अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई और उन्हें जमीनी हकीकत से अवगत कराया गया।

बस्ती में पानी और बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिकारियों से भेंट कर ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा गया और जनहित में इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण का कड़ा आग्रह किया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर है और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए जल्द से जल्द पानी और बिजली की समस्या को दूर कर दिया जाएगा। चर्चा के उपरांत यह बात स्पष्ट की गई कि ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों का विकास और वहां के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रत्येक विषय और समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे ताकि भविष्य में ग्रामीणों को ऐसी दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज होगा कार्यक्रम

> ▸ **जिला स्तरीय कार्यक्रम ऑडिटोरियम में प्रात: 6 बजे से**




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित आडीटोरियम में होगा। स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु के लिए योग थीम पर सामुहिक योग का कार्यक्रम प्रात: 06 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर मुख्य अतिथिगण के रूप में शामिल होंगे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित संपूर्ण जिले में मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, नगरपालिका आडीटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रात: 6 बजे से 7.45 बजे तक मुख्य कार्यक्रम होंगे। प्रात: 06 बजे से प्रात: 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा, इसके उपरांत प्रात: 6.30 बजे से 6.45 बजे तक कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। ततपश्चात् प्रात: 6.45 बजे से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण संपन्न होगा। प्रात: 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास किया जायेगा।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जन जागरूकता कार्यक्रम जारी:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पूर्व आम नागरिकों में योग के प्रति जन जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर से गांधी पार्क तक रैली का आयोजन किया गया।

## श्योपुर भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद के लिए मची होड़

**श्योपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के विगत दिनों श्योपुर आगमन के बाद से ही जिले में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। श्योपुर भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कुर्सी को हथियाने के लिए स्थानीय युवा नेताओं के बीच जबरदस्त होड़ मच गई है। इस रेस में दर्जनों दावेदार लाइन में लग चुके हैं और अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। स्वागत के बहाने शशक्ति प्रदर्शन

प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की अगवानी के दौरान श्योपुर में युवाओं का भारी जोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल युवा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी।

शहर में जगह-जगह फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे। सैकड़ों की संख्या में जुटे युवाओं ने अपने-अपने पसंदीदा नेताओं के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

# नोनार सरकार धाम पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

> ▸ **413वें विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने पाया अन्नकूट का प्रसाद**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून।** मध्य प्रदेश के वनांचल क्षेत्र कराहल स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नोनार सरकार धाम पर शनिवार को भारी श्रद्धा और उल्लास के साथ 413वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर अलसुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक अनवरत जारी रही।

नोनार सरकार धाम के प्रति भक्तों की गहरी आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस भंडारे में न केवल स्थानीय वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण, बल्कि मध्य प्रदेश और राजस्थान के दूर-दराज के इलाकों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस विशाल भंडारे में सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर बड़े ही अनुशासित ढंग से भगवान के दर्शन किए और उसके बाद अन्नकूट का महाप्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के साथ-साथ आज शनिवार को नोनार सरकार धाम पर चमत्कारिक दिव्य दरबार का भी आयोजन हुआ। मान्यता है कि इस दिव्य दरबार में आने वाले भक्तों के शारीरिक, मानसिक और सांसारिक कष्टों का निवारण होता है। दरबार के दौरान सैकड़ों पीड़ित और श्रद्धालु अपनी अर्जियां लेकर पहुंचे, जहां महाराज



श्री के सानिध्य में लोगों की समस्याओं का समाधान और गुरु कृपा की अनुभूति कराई गई।

**भक्तों की जुबानी-** नोनार सरकार धाम वनांचल क्षेत्र का एक बड़ा आस्था केंद्र है। यहाँ शनिवार को आने वाले हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है। आज 413वें भंडारे का हिस्सा बनकर और अन्नकूट का प्रसाद पाकर मन धन्य हो गया। पूरे आयोजन के दौरान जयकारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। भंडारे और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन और सेवादार मुस्तैदी से जुटे रहे, जिससे हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को दर्शन और प्रसाद प्राप्त करने में कोई असुविधा नहीं हुई।

## नीट परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**गुना।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, नानाखेड़ी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कन्याल ने परीक्षा केंद्र पर लगाए गए सभी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा कंट्रोल रूम में पहुंचकर निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अभ्यर्थियों के लिए पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

# सुरक्षा भगवान भरोसे, वन चौकियों पर मिले ताले

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून ।** श्योपुर मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन की एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। पार्क की सीमा से सटे संवेदनशील इलाके, टिकटोली गांव की वन चौकियों पर ताले लटके मिले हैं। चौकियों से स्टाफपूरी तरह नदारद था, जिसने कूनो की सुरक्षा व्यवस्था और वन्यजीवों की मॉनिटरिंग पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, टिकटोली क्षेत्र की वन चौकियों पर लंबे समय से कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी या वनकर्मी तैनात नहीं दिखा। जब ग्रामीणों और राहगीरों ने इन चौकियों का रुख किया, तो वहाँ मुख्य दरवाजों पर ताले लटके पाए गए।

यह लापरवाही इसलिए भी बेहद गंभीर है क्योंकि टिकटोली गेट कूनो नेशनल पार्क के मुख्य प्रवेश द्वारों में से एक है। इस रास्ते से न केवल पर्यटकों का आना-जाना होता है, बल्कि यह क्षेत्र वन्यजीवों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है।

ग्रामीणों की चिंतारू जब मुख्य वन चौकियों पर ही ताले लटके रहेंगे, तो शिकारी या असामाजिक तत्वों को जंगल में घुसने से कौन रोकेगा? कूनो का स्टाफपूरी तरह लापरवाह हो चुका है। यह घटना कूनो प्रबंधन के उन बड़े दावों की पोल खोलती है, जिसमें वे चीतों और अन्य वन्यजीवों की 24 घंटे सैटेलाइट और जमीनी स्तर पर निगरानी करने की बात करते हैं। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए बेशकीमती चीते और उनके शावक मौजूद हैं। अतीत में कई चीतों के बाड़े से बाहर निकलकर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं हो चुकी हैं।

# खेल-खेल में स्कूल की तैयारी कर रहे 80 हजार नन्हें कदम

> ▸ **घर-घर पहुंच रही सीखने की गतिविधियां, 30 जून को होगा बड़ा आकलन**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जून।** विजयपुर क्षेत्र में गर्मी की छुट्टियां जहां आमतौर पर बच्चों के लिए पढ़ाई से दूरी का समय मानी जाती हैं, वहीं श्योपुर सहित प्रदेश के चार जिलों में इस बार छुट्टियां सीखने के उत्सव में बदल गई हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की अनूठी पहल से करीब 80 हजार बच्चे खेल-खेल में स्कूल जाने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि 51 हजार परिवार बच्चों के पहले शिक्षक बनकर उनकी नींव मजबूत करने में जुटे हैं। 26 मई से शुरू हुए ष्स्कूल के लिए तैयारीष् अभियान ने श्योपुर, भोपाल, रायसेन और टीकमगढ़ में प्रारंभिक शिक्षा को जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। इस वर्ष आंगनवाड़ी से कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए चल रहे इस विशेष समर कैम्प में भाषा, गणित, तर्क क्षमता, सामाजिक व्यवहार और शारीरिक विकास से जुड़ी गतिविधियां कराई जा रही हैं। चारों जिलों की लगभग सभी आंगनवाड़ियों में आयोजित स्कूल के लिए तैयारीष् मेलों में बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगों और आकृतियों की पहचान, गिनती, स्मरण शक्ति, सामाजिक व्यवहार और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की स्थिति का सहज तरीके से मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 200 से अधिक सीडीपीओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया गया, वहीं करीब 6200 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर अभियान से जोड़ा गया। जिला कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में यह पहल तेजी से आगे बढ़ रही है। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि अब सीखने की गतिविधियां सीधे घर-घर पहुंच रही हैं। 1 जून से प्रतिदिन लगभग 51 हजार अभिभावकों को व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से बच्चों के लिए रोचक गतिविधियां भेजी जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को नई दिशा दे रहा है, जहां अब बच्चों की शिक्षा की शुरुआत घर से ही हो रही है।

## ग्राम पंचायतों में होगा योग संगम कार्यक्रम

**श्योपुर, 20 जून।** सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद आईएएस के निर्देशन में ,दिनांक 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (योग संगम) के अवसर पर जिले की सभी जनपद पंचायतों एवँ ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग संगम कार्यक्रम के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा योग संगम पोर्टल पर आयोजन स्थलों का पंजीयन किया गया है। योग कार्यक्रमों के लिए पंचायत भवन परिसर, पार्क, खेल मैदान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का चयन किया गया है, जहाँ प्रतिभागियों के लिए आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएँ की गई हैं। कार्यक्रमों के संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर योग मित्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है।

# करोड़ों के पीएम जनमन भवन में आईं दरार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून।** श्योपुर कराहल विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास और कल्याण के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी श्पीएम जनमन योजनाश् के तहत ग्राम ककरधा में बन रहा शासकीय भवन विवादों के घेरे में आ गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के कारण निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके चलते उद्घाटन से पहले ही इमारत की दीवारें और पिलर फ्टने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस भवन की दीवारों में नीचे से ऊपर तक लंबी और गहरी दरारें साफदेखी जा सकती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री का खेल- निर्माण में अमानक स्तर की रेत, कम सीमेंट और कमजोर सरियों का इस्तेमाल किया गया है।

अधिकारियों की अनदेखी- लोक निर्माण विभाग या संबंधित एजेंसी के सब-इंजीनियर और अधिकारियों ने मौके पर जाकर कभी काम की मॉनिटरिंग नहीं की। सुरक्षा पर खतरारू यह भवन क्षेत्र के गरीब आदिवासी परिवारों की बैठकों, प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बनाया जा रहा था, लेकिन अब लोग इसके अंदर जाने से भी डर रहे हैं।

इस मामले में अभी तक स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन क्षेत्र में इस घटिया निर्माण को लेकर तनाव और नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

# ताजिया रूट परिवर्तन पर बनी सहमति, बैठक का निर्णय

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जून।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को विजयपुर मुस्लिम समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक जुमा नमाज़ के बाद आयोजित की गई। बैठक में समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से ताजियों के पारंपरिक मार्ग में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्षों से ताजियों का जुलूस गांधी बाजार (ऊपरी बाजार) मार्ग से निकाला जाता रहा है, लेकिन वर्तमान में इस मार्ग की स्थिति संकरी और होने के कारण ताजियों तथा आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सुरक्षा, व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नया वैकल्पिक मार्ग तय करने पर सहमति बनी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ताजियों का जुलूस अब निर्धारित गांधी चौक से होते हुए बस स्टैंड बाईपास कोडिया नाले थाना मार्ग होते हुए शिवपुरी रोड गांधी चौक मार्ग से निकाला जाएगा। इसके बाद करवला पहुंचेगे इस संबंध में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हकीम खान ने समाज की ओर से एक पंचनामा और एक आवेदन तैयार कर एसडीएम अभिषेक मिश्रा को सौंपा और रूट परिवर्तन की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय किसी विवाद की वजह से नहीं, बल्कि जनहित, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नए मार्ग से ताजिया जुलूस निकालने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और प्रशासन के लिए भी व्यवस्था बनाए रखना आसान होगा।

> जुमा की नमाज के बाद मस्जिद में एकत्रित हुए मुस्लिम समाज ने पुराने रोड पर अतिक्रमण होने के कारण ताजिए का जुलूस नए रूठ से निकलने पर सहमति बनाई है इसे हमने एसडीएम साहब को अवगत करा दिया है
> **हकीम खान ( बंटी )**
> **अध्यक्ष मुस्लिम समाज**
> **विजयपुर**

# किसान निधि की 23वी किस्त का हुआ वितरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 जून।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रूपए की राशि तीन समान किश्तो में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त का वितरण प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी जी द्वारा 20 जून को तारकेश्वर हुगली पश्चिम बंगाल में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा में दोपहर 03 बजे से आयोजित होगा।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर एसडीएम श्योपुर को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही विजयपुर एवं कराहल ब्लॉक में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए संबंधित एसडीएम को दायित्व सौपे गये है। तहसील स्तर पर तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले की ग्राम पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये है तथा पटवारियों को ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

# 30 जून तक चलने वाला अभियान हुआ ढीला

> ▸ **नदी में गंदगी और मृत पशु मिलने से लोगों में नाराजगी**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जून।** जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने पूरे उत्साह के साथ क्वारी नदी में सफाई अभियान चलाया। अधिकारी, कर्मचारी और जन प्रतिनिधि नदी में उतरकर सफाई करते दिखाई दिए। लेकिन अभियान अभी 30 जून तक जारी है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। गुरुवार को क्वारी नदी में एक मृत कुत्ता तैरता हुआ मिलने से अभियान की गंभीरता पर सवाल खड़े हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआती दिनों में जिस तेजी से सफाई हुई, वह कुछ ही दिन बाद थम गई। नियमित निगरानी और सफाई के अभाव में नदी फिर से गंदगी की चपेट में आ गई। नागरिकों का कहना है कि जल गंगा संवर्धन अभियान अभी 30 जून तक है इस अभियान अभियान के दौरान ही नदी में इस तरह मृत पशु पड़े मिल रहे हैं, तो यह साफ संकेत है कि सफाई व्यवस्था में निरंतरता नहीं है। इससे न केवल नदी का वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ सकता है।

मामले की जानकारी मिलते ही नगर परिषद ने मृत कुत्ते को नदी से बाहर निकलवा दिया, लेकिन लोगों का कहना है कि केवल शिकायत के बाद कार्रवाई करने के बजाय नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि क्वारी नदी की सफाई को अभियान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे नियमित व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए, ताकि जल संरक्षण और स्वच्छता के उद्देश्य वास्तव में पूरे हो सकें।

> जैसे ही क्वारी नदी में मृत कुत्ता होने की जानकारी मिली, तत्काल कर्मचारियों को भेजकर उसे नदी से बाहर निकलवा दिया गया।'
> **कमलेश कुशवाह,**
> **अध्यक्ष नगर परिषद**
> **विजयपुर**

# कुपोषण को कम करने एवं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जून।** अग्रवाल धर्मशाला विजयपुर में धरती ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति विजयपुर अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से जिला श्योपुर के विजयपुर ब्लॉक के 30 बहुलय ग्रामों में सहारिया आदिवासी समुदाय के बीच कुपोषण को कम करना एवं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए कार्य कर रही है एवं स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना अंतर्गत युक्त कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों एवं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य विषय पर नेतृत्व क्षमता एवं कौशल विकास को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न । प्रशिक्षण कार्यक्रम मे रौनक रावत, कविता जाटव, पर्यवेक्षक एवं धरती संस्थापक देवेंद्र सिंह भदौरिया दशरथ अहिरवार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं सीताराम शर्मा, महेशचंद्र कुशवाह, सूरज कुशवाह, प्रीति सेन सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**विजयपुर, 20 जून।** तहसील के ग्राम सहसराम में स्वर्गीय जसोदा पति भोगीराम जाटव के निधन के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के श्मशान घाट पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। इस संबंध में कई बार तहसीलदार विजयपुर को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की। पुलिस बल स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं।

# शासकीय विद्यालयों में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

> ▸ **महिलाओं ने दिखाया पाक कला का हुनर**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 जून।** बीआरसीसी कार्यालय एवं जनपद पंचायत विजयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद सभागार विजयपुर में शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन प्रदान करने वाले स्व सहायता समूह के रसोइयों की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी रसोइयों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पौष्टिकता, स्वच्छता, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार के आधार पर किया गया। रसोइयों ने पारंपरिक एवं आधुनिक



व्यंजनों की विविधता प्रस्तुत कर निर्णायकों और उपस्थितजनों को प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी श्रीमती शाहजहाँ बानो रसोइया शास. प्राथमिक विद्यालय दबीपुरा को 5 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी 1. भगवती गुर्जर रसोइया शास. प्राथमिक विद्यालय छापर 2. जानकी रसोइयां शास. प्राथमिक विद्यालय मल्हारपुरा को 3-3 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी 1. कमला रसोइया शास. प्राथमिक विद्यालय उपचा 2. नगीना बानो, शास उर्दू शाला विजयपुर 3. रामरती रावत शास. प्राथमिक विद्यालय साथेर को 2-2 हजार रुपये की पुरस्कार तथा 1.पद्मावती शास मा. वि. किंजरी 2. उत्तरा शास प्राथमिक विद्यालय शाहपुर 3. मीरा बॉथम शास उ. मा. वि. कन्या विजयपुर को 1000-1000 रु राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बदनसिंह रावत, अनिरुद्ध सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल, जनपद सदस्य श्री हेमराज राजावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक डंडोतिया, बीआरसीसी उमाकांत वशिष्ठ, जनपद सीईओ दीपक धाकड़, एनआरएलएम ब्लॉक समन्वयक ब्रजेश शर्मा, बीएसी दर्शनलाल शाक्य, बीएसी राजेश शुक्ला, एमडीएम प्रभारी बीएसी मुक्ति सोलंकी, बीएसी मनोज शर्मा, निर्वाचन शाखा प्रभारी अरविंद शर्मा, मोनिका मंगल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभागी महिलाओं के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।